नईदुनिया

बाइक की डिक्की में मिले 11 हजार के नकली नोट, युवक गिरफ्तार

Publish Date: | Tue, 02 Feb 2021 10:25 PM (IST)

11 हजार रुपये के नकली नोटों के साथ साइबर सेल और सांकरा पुलिस की संयुक्त टीम ने मंगलवार को एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर साइबर सेल और सांकरा पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में नेशनल

महासमुंद। 11 हजार रुपये के नकली नोटों के साथ साइबर सेल और सांकरा पुलिस की संयुक्त टीम ने मंगलवार को एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर साइबर सेल और सांकरा पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में नेशनल हाईवे 53 में घासीदास चौक सांकरा के पास वाहनों की सघन चैकिंग के दौरान मोटर साइकिल सवार को रोककर जांच की।

जांच करने पर डिक्की में नकली नोट मिले। युवक ने अपना नाम-पता सांकरा थाना क्षेत्र के मोहगांव निवासी तीर्थराज (42) बताया। डिक्की से पांच सौ रुपये का नकली नोट सीरीज क्रमांक सात एए 343142 का दो नोट, सौ रुपये का नकली नोट सीरीज क्रमांक नौ एपी-541178 के 37 नोट, सौ रुपये का नकली नोट सीरीज क्रमांक आठ सीसी 909483 के पंद्रह नोट, सौ रुपये का नकली नोट सीरीज क्रमांक चार ईजी 066539 का 16 नोट, सौ रुपये का नकली नोट सीरीज क्रमांक तीन एडी115944 के 11 नोट, सौ रुपये का नकली नोट सीरीज क्रमांक पांच जीई 424166 के इक्कीस नोट, पांच सौ रुपये का एक असली नोट सीरीज क्रमांक एडब्ल्यू 773859, सौ रुपये का असली नोट एक जिसका सीरीज क्रमांक ओडी 2283432 कुल नकली नोट 11 हजार रुपये, असली नोट छह सौ रुपये एवं एक मोटर साइकिल जब्त किया गया।

आरोपित ने नकली नोटों के बारे में किसी प्रकार की जानकारी नहीं होना बताया। पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर विवेचना में लिया है।

--

सरायपाली के बर्तन दुकान में चोरी, जुर्म दर्ज

सरायपाली थाना क्षेत्र के ग्राम बालसी में एक बर्तन दुकान से अज्ञात चोर थाली, बर्तन सहित इलेक्ट्रिक कांटा भी चुरा कर ले गया। पुलिस ने बर्तन व्यापारी की शिकायत पर सोमवार को अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

बालसी निवासी चक्रधर साहू ने अपनी शिकायत में बताया कि सरायपाली से सरसींवा जाने वाली सड़क किनारे ग्राम बालसी में जैतखाम के बाजू में उसकी बर्तन की दुकान है। 31 जनवरी की शाम सात बजे वह दुकान में ताला लगाकर घर चला गया। सोमवार की सुबह साढ़े आठ बजे जब वह वापस दुकान पहुंचा तो ताला टूटा हुआ था।

व्यापारी ने जब शटर उठाकर दुकान के भीतर देखा तो कांसे की थाली वजनी करीब 15 किलो, जीएस थाली 20 किलो, पुराना कांसे का बर्तन वजनी तीन किलो कुल बर्तन कीमती 45 हजार रुपये सहित इलेक्ट्रिक कांटा और लकड़ी के गल्ले में रखा छह सौ रुपये गायब थे।

Source: https://www.naidunia.com/chhattisgarh/mahasmund-11-thousand-fake-notes-found-in-bike-trunk-youth-arrested-6693112